पत्रिका

Rajasthan: राजस्थान से देशभर में सप्लाई किया जा रहा था नकली उर्वरक, इन चार कंपनियों के खिलाफ केस दर्ज

अजमेर। मार्बल नगरी किशनगढ़ के आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों में इफको के साथ कई अन्य नामी कंपनियों के नाम से भी नकली उर्वरक तैयार किया जा रहा था। इनमें सरताज, उत्तम समेत अन्य कंपनियों का नकली उर्वरक भी यहां से देशभर में सप्लाई किया जा रहा था। यही नहीं एक-दूसरे संचालकों तक नकली उर्वरक के खाली कट्टों की सप्लाई भी की जा रही थी। इससे नकली उर्वरक तैयार करने वालों की चेन से भी इनकार नहीं किया जा सकता। उधर, कृषि विभाग के अधिकारियों की ओर से किशनगढ़ थाने में मामले दर्ज करवाए गए हैं।

Source: https://www.patrika.com/ajmer-news/fake-fertilizers-of-reputed-companies-are-being-prepared-in-kishangarh-area-19637639